झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्
जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, जगन्नाथपुर, सेक्टर - 3,
धुर्वा, राँची - 834004
दूरभाष - 0651-2444502 फैक्स: 0651-2444506
ई-मेल: jepcranchi1@gmail.com

An ISO 9001:2015 certified

पत्रांक:MRE/33/173/2019/..1102.......   दिनांक: 22...../03/2024

प्रेषक,

आदित्य रंजन, भा.प्र.से.
राज्य परियोजना निदेशक

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना,
झारखण्ड

विषयः आगामी लोकसभा चुनाव, 2024 हेतु विद्यालयों में मूलभूत सुविधा की उपलब्धता, विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए विद्यालयों के अनुश्रवण तथा वित्तीय वर्ष 2023–24 के व्यय के सबंध में ।

महाशया / महाशय,

आप अवगत हैं कि मई–जून, 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं । आपके जिले के विद्यालयों को चुनाव के लिए बूथ बनाये गये हैं । सभी पोलिंग पार्टी के सदस्य चुनाव के एक दिन पूर्व से हीं विद्यालय में रहेंगे । इसके लिए विद्यालयों में निम्नांकित मूलभूत सुविधा उपलब्ध करायी जानी है यथा –

i. बिजली की व्यवस्था के साथ चालू हालत में पंखा, लाईट, मोबाईल चार्जर का पॉइन्ट आदि
ii. पीने के पानी की सुविधा,
iii. साफ–सुथरा शौचालय पानी की व्यवस्था के साथ,
iv. रैम्प की सुविधा
v. आवश्यक फर्नीचर की व्यवस्था

उपर्युक्त सुविधा विद्यालयों में दिनांक 27.03.2024 तक उपलब्ध कराया जाना है । आपके जिले, प्रखण्ड एवं संकुल स्तरीय पदाधिकारी / कर्मियों से इसका अनुश्रवण कराना सुनिश्चित करेंगे। आपके द्वारा भी 5 से 10 विद्यालयों का random भ्रमण कर उपलब्ध सुविधाओं का अनुश्रवण किया जाना है। यदि किसी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी हो, तो उसे अविलम्ब अपने स्तर से पूर्ण करायें । यदि अपने स्तर से पूर्ण होने लायक न हो, तो उसके लिए जिले के उप–विकास आयुक्त / उपायुक्त से मिलकर संबंधित सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया जाना है । तदुपरांत video conferencing के माध्यम से क्षेत्र की समीक्षा राज्य स्तर से की जायेगी ।

अप्रैल, 2024 के प्रथम सप्ताह से राज्य स्तरीय टीम द्वारा जिले के विद्यालयों का भ्रमण किया जायेगा । उक्त भ्रमण के क्रम में विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की भी जाँच की जायेगी । उक्त टीम से अधोहस्ताक्षरी video conferencing के माध्यम से विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं तथा विद्यालय में चल रही अन्य गतिविधियों का भौतिक अवलोकन करेंगे ।

जिन जिलों के विद्यालयों में समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं पायी जायेगी, उन जिलों के पदाधिकारियों / कर्मियों के विरूद्ध चुनाव आयोग को सूचना उपलब्ध करा दी जायेगी ।

2. विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से पूर्व में जितने भी मार्गनिदेश / पत्र दिये गये हैं, उन सभी का पुनः अध्ययन करें एवं उसके अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जाय । विद्यालयों का विकास गुणवत्त शिक्षा के दृष्टिकोण से किया जाना है ।

प्रमोद 21.3.24   21.3.24

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्
जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, जगन्नाथपुर, सेक्टर – 3,
धुर्वा, राँची – 834004
दूरभाष - 0651-2444502 फैक्स: 0651-2444506
ई-मेल: jepcranchi1@gmail.com

An ISO 9001:2015 certified

विद्यालयों के सम्पूर्ण विकास के लिए विद्यालयों में चल रही गतिविधियों यथा – आई.सी.टी., व्यवसायिक शिक्षा कार्यक्रम, प्रयास, प्रोजक्ट RAIL, लैब, पुस्तकालय, स्मार्ट कक्षा, school transition आदि का क्रियान्वयन एवं संचालन सुनिश्चित किया जाना है जिससे विद्यार्थियों को विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ मिल सके। इसके लिए आवश्यक है कि आपके एवं आपके टीम के सदस्यों द्वारा लगातार विद्यालयों का भ्रमण किया जाय ताकि विद्यालयों में गतिविधियों का संचालन सुनिश्चित किया जा सके । विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से भी विद्यालयों की समीक्षा की जायेगी ।

3. दिनांक 21.03.2024 को समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई । जिलावार स्वीकृत बजट एवं उसके विरूद्ध अबतक किये गये व्यय की विवरण निम्नवत् है:–

(रू. लाख में)

SN	Name of Districts	Total approved Budget	Total expenditure upto Feb. 2024 uploaded on PRABANDH	Total Expenditure as per district reported on 21.03.2024	% of Expenditure against approved budget
1	Bokaro	11051.62	6668.38	7418.00	67%
2	Chatra	11507.37	5953.88	7242.14	63%
3	Deoghar	13873.65	7994.26	10128.00	73%
4	Dhanbad	10402.07	6366.82	6594.75	63%
5	Dumka	12262.27	7366.11	7873.00	64%
6	Garhwa	13320.76	7825.24	8000.00	60%
7	Giridih	21153.75	11896.80	12235.86	58%
8	Godda	10070.44	5956.02	6009.25	60%
9	Gumla	8544.70	5242.77	5242.77	61%
10	Hazaribagh	12835.46	6973.08	7193.28	56%
11	Jamtara	6583.41	4127.09	4134.21	63%
12	Khunti	4784.53	2612.62	2700.00	56%
13	Koderma	6076.29	3171.14	3584.00	59%
14	Latehar	6829.72	4192.74	4352.00	64%
15	Lohardaga	4262.80	2566.18	2638.00	62%
16	Pakur	6946.25	4509.45	4607.00	66%
17	Palamu	19813.53	10910.25	10920.56	55%
18	Pashimi Singhbhum	12155.31	7043.17	7312.50	60%
19	Purbi Singhbhum	9598.52	5802.62	5914.00	62%
20	Ramgarh	5396.17	3390.47	3422.00	63%
21	Ranchi	13051.80	8261.46	9478.00	73%
22	Sahibganj	9208.83	5363.88	5363.88	58%
23	Saraikela Kharsawan	8779.92	5026.84	5294.40	60%
24	Simdega	4768.82	2598.08	2814.00	59%
	Total	**243277.99**	**141819.35**	**150471.60**	**62%**

वित्तीय वर्ष 2023–24 समाप्ति की ओर है, अतः सभी जिलों को निदेशित किया गया कि जिलों के लिए सभी स्तर पर SNA के अंतर्गत उपलब्ध कराये गये राशि का शत–प्रतिशत उपयोग 31मार्च, 2024 तक करना सुनिश्चित किया जाय ।

विश्वासभाजन

(आदित्य रंजन)
राज्य परियोजना निदेशक

प्रमोद
21.3.24

21.3.24